हरिभूमि

जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 3 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री

2 जयंती पर याद किए गए महात्मा गांधी व शास्त्री



खबर संक्षेप

सेवा संकल्प अभियान : कुटराबोड़ में विशेष शिविर लगेगा आज

जांजगीर-चांपा। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखंडों में सेवा सेतु अभियान के तहत विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत 3 अक्टूबर को पामगढ़ के डीएव्ही स्कूल ग्राउंड ग्राम पंचायत कुटराबोड़, 5 अक्टूबर को बलौदा के अटल समरसता भवन जावलपुर, 6 अक्टूबर को नवागढ़ के हाई स्कूल परिसर ग्राम पंचायत सेमरा तथा 8 अक्टूबर को बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत पोड़ीशंकर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बाजार चौक में शिविर आयोजित होंगे।

रामानुज स्मृति श्रम पुरस्कार के लिए आवेदन 5 तक

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग द्वारा श्रम के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिक व संस्था को स्व. रामानुज प्रताप सिंहदेव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार प्रदाय किया जाता है, जिसके अंतर्गत रूपये 2 लाख एवं प्रशास्ति पत्र दी जाती है। श्रम के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च की अवधि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ऐसी श्रमिक संस्था का उनके उल्लेखनीय योगदान के आधार पर चयन किया जायेगा। जिन्होंने मजदूरों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य की दिशा में विशेष कारगर उपाय किया हो, जिसके फलस्वरूप आलोच्य वर्ष में कोई गंभीर दुर्घटना न हुई हो एवं सुरक्षा के नियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया हो, जिससे प्रदेश का नाम श्रम जगत में गौरवान्वित हुआ हो। श्रम यशस्वी पुरस्कार से संबंधित नियम, अर्हताएं, प्रक्रिया, आवेदन प्रपत्र आदि श्रम विभाग वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है।

जिले में आज तक की स्थिति में 997.6 मिमी औसत वर्षा

सक्ती। सक्ती जिले में 1 जून 2026 से 02 अक्टूबर 2026 तक 997.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में औसत वर्षा 0.0 मिली मीटर हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के सक्ती तहसील में 922.1, मिली मीटर, जैजैपुर में 804.7, मालखरौदा में 1182.0, डभरा में 1064.0, नया बाराद्वार में 1112.9, अड़भार में 908.1, हसौद में 900.7, चंद्रपुर में 1117.6, एवं भोथिया में 966.6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार आज सभी तहसीलों 0.0 में मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई हैं ।

कुटरा में जुए के फड पर दबिश 11 जुआरी आए पकड में

जांजगीर-चांपा। ग्राम कुटरा में जमी जुए की महफिल में पुलिस ने दबिश दी। इस दौरान 11 जुआरी पकड़ में आए, जिनसे 22 हजार रुपए नगदी व पांच मोटरसायकल जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में 1 अक्टूबर को बीते देर शाम थाना पामगढ़ पुलिस, साइबर थाना एवं रिस्पांस टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए ग्राम कुटरा में जुआ खेल रहे 11 आरोपियों को पकड़ा। जिनके विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत विधिवत कार्यवाही की गई। पकड़े गए जुआरियों में भूपेन्द्र कश्यप, पिता रोशनलाल, मनमोहन पिता मेल सिंह आरसमेटा, बेनीराम निषाद, पिता हिरऊराम, उम्र 32 वर्ष,आरसमेटा, , अमन बर्मन, पिता महादेव, उम्र 29 वर्ष, पामगढ़, मुकेश कुमार कश्यप, पिता अश्वनी, उम्र 27 वर्ष कुटरा, थाना पामगढ़, आशीष कुमार कश्यप, पिता सुनील कुमार, उम्र 20 वर्ष, कुटरा, आर्यन सिंह राठौर, पिता रमेश कचहरी चौक, जांजगीर, आलोक राठौर पुरानी बस्ती चीतरपारा, जांजगीर, 9. राजन कुमार लहरे का नाम शामिल है। पुलिस ने बताया कि उक्त जुआरियों के कब्जे से 22 हजार रुपए नगदी व पांच मोटरसायकल जब्त किया गया। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

दो दशक पहले बने नए भवन को बता रहे काम का नहीं

दूसरा भवन भी अब नहीं भाया पालिका को, तीसरा नया बनवाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा





खाली पड़ा पालिका का पुराना भवन और वर्तमान में संचालित नगर पालिका कार्यालय।

जिला मुख्यालय में जहां आज भी आधा दर्जन से अधिक दफ्तरों को अपना खुद का भवन नहीं मिल पाया है। वहीं नगर पालिका परिषद को महज दो दशक में ही दूसरे के बाद तीसरे भवन की सौगात मिल गई है। दरअसल दो दशक पहले बने दूसरे भवन को अब उपयोगहीन बताया जा रहा है। इसको लेकर नगरीय प्रशासन विभाग से नए भवन की सौगात भी मिल गई है। सबकुछ ठीक रहा तो पुराने कलेक्टोरेट में नई बिल्डिंग तैयार हो जाएगी।

जिला गठन के 28 साल बाद भी जिला मुख्यालय में आधा दर्जन से अधिक सरकारी विभागों का अपना खुद का कार्यालय नहीं है। यह विभाग जांजगीर चांपा व आसपास में जुगाड़ के भवन में जैसे तैसे संचालित हो रहे है, लेकिन भवन के मामले में नगर पालिका परिषद जैसा भाग्यशाली विभाग शायद ही जिले में कोई दूसरा हो। नगर पालिका परिषद का संचालन जिला बनने के पहले से विष्णु मंदिर मार्ग पर पुराने भवन में हो रहा था। जिला बनने के बाद यहां काम का बोझ बढ़ा और संसाधनों में वृद्धि हुई। ऐसे में अकलतरा रोड में नगर पालिका के नए भवन के लिए जगह चिन्हांकित की गई और निर्माण कार्य शुरू कराया गया। वर्ष 2005 में नगर पालिका के नए भवन का लोकार्पण तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ, रमन सिंह, नगरी प्रशासन मंत्री अमर अग्रवाल के हाथों हुआ। लोकार्पण हुए 20 साल से कुछ अधिक ही हुए है, कि नगर पालिका परिषद को यह भवन अब नहीं भा रहा है। बताया जाता है कि भवन की जर्जर स्थिति, सीपेज की समस्या सहित अन्य कारणों का हवाला देकर अब नगर पालिका के लिए नए भवन बनवाने की तैयारी हो रही है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक इस बार नगर पालिका का नया भवन पुराने कलेक्टोरेट जहां वर्तमान में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और आबकारी विभाग का दप्तर संचालित हो रहा है, उस जगह को चयनित किया गया है। बताया जाता है कि कलेक्टोरेट में कंपोजिट बिल्डिंग में आबकारी विभाग शिफ्ट हो रहा है, तो जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को उद्योग विभाग के खाली पड़े भवन में शिफ्ट किया जाएगा। ऐसे में पुराने कलेक्टोरेट को डिसमेंटल करके नए भवन बनाने की स्वीकृति मिली है।

नया भवन स्वीकृत

नगर पालिका का भवन जर्जर हो गया है। सीपेज के साथ कई तरह की समस्याएं है, ऐसे में नगरीय प्रशासन विभाग से नए भवन के लिए 2 करोड से अधिक की राशि स्वीकृत हुई है। पुराने कलेक्टोरेट को डिसमेंटल कर नए भवन बनाने की तैयारी है।

-आर.पी. नेताम,
सीएमओ, नपा जांजगीर-नैला

चोर गिरोह का पर्दाफाश, आधा दर्जन से अधिक बाइक जब्त

प्रकरण से जुड़े अन्य संभावित कनेक्शन की जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



पुलिस गिरफ्त में आरोपी और जब्त बाइक।

चोरी की बाइक को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस ने उसके जब्त से 7 बाइकों की जब्ती बनाई है। साथ ही प्रकरण से जुड़े अन्य संभावित कनेक्शन की जांच जारी है।

इस संबंध में सक्ती पुलिस ने अनुसार प्रार्थी बाबुलाल बरेठ पिता कनीराम बरेठ, उम्र 38 वर्ष, निवासी केरीबंधा, थाना सक्ती को थाना सक्ती उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 2 सितंबर को दोपहर वह अपनी पुरानी मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेण्डर प्रो क्रमांक सीजी 11 एमबी 9986 से एसडीएम कार्यालय सक्ती आया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल को गुप्ता होटल के बगल में खड़ा कर एसडीएम कार्यालय चला गया। वापस आने पर मोटरसाइकिल उक्त स्थान से गायब मिली। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना सक्ती में धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी एवं चोरी गई मोटरसाइकिल की बरामदगी हेतु थाना सक्ती पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर तंत्र के माध्यम से लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बुधवारी बाजार, सक्ती में दो व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिलों को बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल गवाहों के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। पुलिस टीम को देखकर दोनों संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा मौके से भागने का प्रयास किया गया, जिन्हें पुलिस टीम पकड़ लिया गया। पूछताछ एवं मौके पर की गई कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे एवं उनकी निशानदेही से कुल 7 नग मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। बरामद मोटरसाइकिलों के संबंध में आरोपियों को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस दिया गया, किंतु आरोपियों द्वारा वाहनों के स्वामित्व अथवा वैध कब्जे से संबंधित कोई संतोषजनक एवं वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। विवेचना के दौरान धारा 303(2) बीएनएस में आरोपियों की संलिप्तता पाए जाने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने छीतापडरिया निवासी देवराज सिदार एवं लोहर्सी निवासी रवि कुमार यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। प्रकरण से जुड़े अन्य संभावित आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस ने घेराबंदी कर चार किलो गांजा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



जब्त गांजा के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बाइक में गांजा की तस्करी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं उसके कब्जे से 4 किलो गांजा जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 2 लाख रुपए बताई जा रही है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम सोनसरी का है।

इस संबंध में मुलमुला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी संतराम यादव निवासी सोनसरी द्वारा अपनी मोटरसाइकिल में मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने के उद्देश्य से रखा हुआ है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए में थाना मुलमुला पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर आरोपी को मोटरसाइकिल सहित पकड़ा। मोटरसाइकिल में ले जा रहे अलग अलग पैकेट में 4.120 किलो ग्राम गांजा बरामद आरोपी के मोटर सायकल को विधिवत तलाशी लेने पर उसकी मोटरसाइकिल से गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख है। पुलिस द्वारा गांजे एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को विधिवत जप्त कर लिया गया। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई, आरोपी न्यायिक रिमांड पर मामले में आरोपी संतराम यादव उम्र 37 साल को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करने के पश्चात आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

आदेश की अवहेलना, ग्राम सभा की बैठक के दिन पंचायत में लगा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ फगुरम



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को सभी ग्राम पंचायतों में विशेष सभा बुलाई गई थी, लेकिन ग्राम पंचायत फगुरम में इस दिन पंचायत भवन का ताला ही नहीं खुला। ऐसे में ग्रामीण पहुंचे तो वहां का ताला देखकर इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की।

शासन द्वारा 29 सितंबर को एक आदेश जारी करके शुक्रवार 2 अक्टूबर को सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन अनिवार्य रूप से करने कहा गया था। वैसे भी छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6 के तहत यह बैठक हर हाल में होनी थी। इसी क्रम में कार्यालय जनपद पंचायत मालखरौदा ने आदेश क्र. 5323/पं.शा./ज.पं./2026 दिनांक 29.09.2026 जारी कर सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की तिथि तय की। इस सूची में ग्राम पंचायत फगुरम के लिए 2 अक्टूबर को प्रभारी अधिकारी के रूप में कृषि विभाग के आशुतोष आनंद को नियुक्त किया गया था लेकिन ग्राम पंचायत फगुरम में 2 अक्टूबर को ग्राम सभा नहीं हुई। पंचायत भवन में ताला लगा रहा। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत फगुरम के सचिव ने 30 सितंबर को ही बीमारी बताकर एक सप्ताह की छुट्टी ले ली। इस पर जनपद पंचायत से ग्राम पंचायत सपिया के सचिव को फगुरम की ग्राम सभा लेने के लिए अधिकृत किया, लेकिन वे भी नहीं पहुंचे । इतना ही नहीं शासन द्वारा नियुक्त प्रभारी अधिकारी भी नहीं पहुंचे। इधर पंचायत के प्रमुख जनप्रतिनिधि भी नदारद रहे। इस पूरे मामले की शिकायत ग्रामीणों ने की है।

निर्माणाधीन मकान में चोरी की कोशिश, पुलिस ने दो को धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

थाना चांपा क्षेत्र के भोजपुर में निर्माणाधीन मकान में चोरी करने की कोशिश करने वाले दो आरोपियों को चांपा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी के प्रयास में प्रयुक्त सामान एवं एक लोहे का चाकू बरामद कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ममता देवी निवासी भोजपुर चांपा ने थाना चांपा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने अपने निर्माणाधीन मकान में लगे बोरवेल की मशीन को दो व्यक्तियों द्वारा खोलकर चोरी करने का प्रयास करते देखा। प्रार्थिया द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने धमकी दी। आरोपी अविनाश यादव के हाथ में लोहे का चाकू था। प्रार्थिया के शोर मचाने पर दोनों आरोपी मौके से भागने लगे, जिन्हें मोहल्ले के लोगों ने पकड़ लिया। रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर पुलिस ने तत्काल आरोपियों अविनाश यादव निवासी वार्ड क्रमांक 17 भोजपुर चांपा एवं कुश सिंह चौहान निवासी भोजपुर चांपा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार किया। आरोपी अविनाश के कब्जे से लोहे का चाकू तथा आरोपी कुश सिंह के कब्जे से चोरी का स्टार्टर एवं अन्य सामान बरामद किया गया। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

चार लोहे के दरवाजों के पीछे बने कमरे में छिपाकर रखी थी शराब, 104 लीटर की बनाई जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



जब्त शराब के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

शुष्क दिवस के अवसर पर अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अकलतरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 104 लीटर अवैध शराब जब्त की है।

पुलिस ने मामले में वार्ड क्रमांक 13 निवासी प्रकाश भारद्वाज को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। अकलतरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि प्रकाश भारद्वाज ने अपने घर के भीतर चार लोहे के दरवाजों के पीछे बने कमरे में भारी मात्रा में अवैध शराब छिपाकर रखी है तथा किराना दुकान की आड़ में उसकी बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर मकान की तलाशी ली और संबंधित कमरे को खोलकर शराब बरामद की। पुलिस ने मौके से 180 एमएल देशी प्लेन यूनिक ब्रांड की 235 नग, देशी प्लेन सुपर 36 ब्रांड की 46 नग, गोवा स्पेशल व्हिस्की की 206 नग, रॉयल चैलेंज व्हिस्की की 31 नग तथा सिम्बा एक्स्ट्रा बीयर की 16 नग, कुल 334 नग शराब 104 लीटर बरामद की। जब्त शराब की कीमत 56,560 रुपये बताई गई है। इसके अलावा पुलिस ने शराब बिक्री की 28, हजार 615 रुपये नकद रकम तथा वोल्टास कंपनी का फ्रिज, जिसकी कीमत करीब 10 हजार रुपये है। आरोपी को गिरफ्तार किया गया और 2 अक्टूबर को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

समापन अवसर पर विभिन्न प्रतिभागियों को एसपी ने किया पुरस्कृत

सायबर जागृति अभियान : 36 लाख के गुम 120 मोबाइल लौटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते एसपी विजय कुमार पाण्डेय।

सायबर जागृति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ने 120 नग गुमे हुए मोबाइल को उनके मालिकों को सौंप दिया। इन मोबाइलों की कीमत 36 लाख बताई जा रही है। इसके अलावा बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

ज्ञात हो कि पुलिस द्वारा चलाए जा रहे "सायबर जागृत अभियान का समापन कार्यक्रम 2 अकटूबर को सायबर थाना जांजगीर में आयोजित किया गया। समापन अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच सायबर जागृति की थीम पर चित्रकला, रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए सायबर सुरक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को मेमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी अंशुका बंजारे एवं कुमारी कंचन हंसराज की टीम, द्वितीय स्थान नीतू रात्रे की टीम तथा तृतीय स्थान कुमारी दिव्यलता एवं रिंकी की टीम ने प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम कुमारी रिया खूंटे, द्वितीय विद्या कहरा तथा तृतीय कुमारी अंशिका देवांगन एवं खुशी देवांगन रहीं। एएसपी डॉ. यूलैंडन यार्क एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात शउदयन बेहार के कुशल मार्गदर्शन एवं सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में अभियान के तहत जिले के गांव, शहर, स्कूल, कॉलेज, बाजार एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लोगों को सायबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा ओटीपी शेयर नहीं करने, अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, डिजिटल अरेस्ट से बचने तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहने की जानकारी दी गई। 36 लाख रुपए का गुम मोबाइल को खोजकर उनके स्वामित्व को प्रदाय किया सायबर प्रभारी भास्कर शर्मा के नेतृत्व में गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी कर समापन कार्यक्रम में 120 नग मोबाइल कीमती लगभग 36 लाख रुपये मूल्य के मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को वापस किए गए।

तहसील मुख्यालय नवागढ़ को पृथक अनुभाग बनाने की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

तहसील अधिवक्ता संघ नवागढ़ ने तहसील मुख्यालय नवागढ़ को पृथक अनुभाग बनाए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर जांजगीर-चांपा को ज्ञापन सौंपा है।

संघ ने कहा कि नवागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली नवागढ़ तहसील वृहद और पुरानी तहसील है जो वर्ष 1997 से संचालित हो रही है।ज्ञापन में बताया गया कि विगत 19 वर्षों से यहां अनुविभागीय अधिकारी का लिंक कोर्ट संचालित है। पृथक अनुभाग की मांग अधिवक्ता संघ और क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार की जा रही है, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पृथक अनुभाग नहीं होने से क्षेत्रवासियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने मांग की है कि वृहद तहसील क्षेत्र होने के कारण नवागढ़ में शीघ्र पृथक अनुभाग कार्यालय की स्थापना की जाए। इस संबंध में अधिवक्ता संघ ने 1 अक्टूबर 2026 को कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा, जिसे कार्यालय द्वारा प्राप्त किया गया। ज्ञापन पर अध्यक्ष जगदीश प्रसाद रत्नाकर और सचिव संतोष सूर्या सहित संरक्षक सनत कुमार सिंह, बीपी कुर्रे, उपाध्यक्ष अमरनाथ कश्यप, महिला उपाध्यक्ष सुमित्रा बर्मन, सह सचिव जय प्रकाश सूर्या सहित कार्यकारिणी सदस्यों के हस्ताक्षर हैं।

खबर संक्षेप

धर्मगुरु बालदास साहेब का जांजगीर आगमन कल



जांजगीर-चांपा। सतनामी समाज के आदेशक-निर्देशक एवं सतनाम धर्म महासभा, भारतवर्ष के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राजागुरु,धर्मगुरु बालदास साहेब का रविवार 4 अक्टूबर को जांजगीर आगमन प्रस्तावित है। इस अवसर पर सर्किट हाउस, जिला पंचायत रोड, जांजगीर में प्रातः 11 बजे से सामाजिक बैठक एवं सत्संग का आयोजन किया जाएगा। इस जिला स्तरीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य सतनाम के विचारों एवं गुरूजनों के मार्गदर्शन पर चलते हुए समाज में एकता, भाईचारा एवं आपसी सद्भाव को बढ़ावा देना तथा समाज को एकजुट कर मजबूती प्रदान करना है। बैठक में समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर आपसी सहयोग, सामाजिक एकता एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करने तथा एक शिक्षित, जागरूक एवं सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर धर्मगुरु बालदास साहेब द्वारा समाज के विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन एवं सतनाम के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया जाएगा। आयोजकों ने समाज के सभी वर्गों से पहुंचने की अपील की है।

विधायक की पहल पर शिवरी नारायण से खैरताल मार्ग के लिए 22.08 करोड़ मंजूर



तुस्मा। पामगढ़ विधानसभा के सर्वांगीण विकास और जन-सुविधाओं को सुगम बनाने की दिशा में एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। शिवरी नारायण से खैरताल मार्ग के चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पुल-पुलिया निर्माण के लिए 22.08 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण से क्षेत्र में न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि व्यापार और विकास की गति को भी नया आयाम मिलेगा। 11.70 किलोमीटर लंबी सड़क का होगा कायाकल्पलोक निर्माण विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार, वर्ष 2026-27 के बजट में शामिल जांजगीर-चांपा जिले के शिवरी नारायण से खैरताल मार्ग (लंबाई 11.70 किमी) के मजबूतीकरण एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्य हेतु यह राशि स्वीकृत की गई है।

प्राथमिक शाला व मीडिल स्कूल में न्यौता भोज का हुआ आयोजन



फगुरम। शासकीय हाई स्कूल मुलमुला विकासखंड पामगढ़ में व्याख्याता श्रीमती प्रतीक्षा सिंह द्वारा प्राथमिक शाला पूर्व माध्यमिक शाला और हाई स्कूल के सभी बच्चों एवं स्टाफ तथा गांव नागरिकों को न्योता भोज रखा गया था। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष लाल सिंह, सरपंच अमितेंद्र सिंह , पूर्व अध्यक्ष गजानंद कश्यप, बसंत साहू, प्रकाश गोस्वामी, नरेश गोस्वामी, धनजीत सिंह, सिक्कू सिंह कुटीघाट प्राचार्य श्रीमती आभा देशपांडे मुलमुला प्राचार्य, श्रीमती सावित्री यादव, श्रीमती शैल शर्मा प्रधान पाठक मधुसूदन शर्मा व्याख्याता विमलेश कुमार पाण्डेय दिनेश कुमार बंजारे नीरजा सिंह ज्योति सक्सेना प्रतीक्षा सिंह संकुल समन्वयक अजय कुमार मरावी सेवती कश्यप सविता कश्यप अमित केवट विनीता सिंह राजकुमारी खूंटे राम अवतार पटेल, विनय पाटले सम्मिलित हुए।

मातृशक्ति सुन्दरकाण्ड मंडल की ओर से हनुमान चालीसा पाठ आज



जांजगीर-चांपा। अश्वनि कृष्ण पक्ष महालया अष्ठमी जीवित्पुत्रिका व्रत एक अत्यन्त महत्व पुर्ण उपवास दिवस है। जीवित्पुत्रिका व्रत में माताऐं अपनी संतान की सुरक्षा व स्वास्थय के लिए पुरे दिन तथा पुरे रात तक उपवास निर्जला उपवास करती हे। श्रद्धापूर्वक यह व्रत करने से सन्तान दीर्धायु निरोगी तेजस्वी एवं सुख सम्पन्न होती है। जीवित्पुत्रिका व्रत के पावन अवसर परश्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर में मातृशक्ति सुन्दरकाण्ड मंडल जांजगीर की ओर से शनिवार 3 अक्टूबर को शाम के समय सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ एक सौ आठ दीपक प्रज्वलन एव बूंदी, चना प्रसाद वितरण किया जाएगा। तत्पश्चात हनुमान की महा आरती की जाएगी।

जगह-जगह हुआ आयोजन, गूंजे रघुपति राघव राजाराम

जयंती पर याद किए गए महात्मा गांधी व शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जैजैपुर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लालबहादुर शास्त्री की जयंती जैजैपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिरली में मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ कांग्रेस जनों एवं सर्वोदय के प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं द्वारा निकाली गई भव्य प्रभातफेरी से हुआ। प्रभातफेरी के दौरान कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने 'जय जगत' तथा 'रघुपति राघव राजा राम' जैसे सुमधुर भजनों का श्रद्धापूर्वक गायन करते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया। प्रभातफेरी के पश्चात मुख्य सभास्थल पर दोनों महान विभूतियों के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके सत्य, अहिंसा, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा के सिद्धांतों को याद किया। कार्यक्रम में ठा. गुलजार सिंह, श्रीमती रश्मि गभेल, बलराम पांडे, गोपाल भारद्वाज, श्याम कुमार केवट, कुशल कश्यप, अमरसिंह बनाफर, बोधसाय चंद्रा, ताम्रध्वज चंद्रा, ताराचंद साहू, साधेश्वर गबेल, राइस किंग खुटे, रूप नारायण साहू, लखन राठौड़, कालूराम अग्रवाल, बलराम दास वैष्णव, सन्नी यादव, राजेश लहरें, खम्हन साहू, प्रदीप पटेल, सुनील पटेल, वेदप्रकाश पटेल, दिवाकर यादव, राजेन्द्र यादव आदि उपस्थित थे।



गांधी-शास्त्री जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया महापुरुषों को नमन

अकलतरा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर के रेस्ट हाउस परिसर में जयंती समारोह आयोजित किया गया। नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा, भविष्य चंद्राकर, पूर्व नपाध्यक्ष खुलन सोनवानी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अंकित सिंह सिसोदिया, संतोष सिंह बैस ने कहा कि महापुरुषों के विचारों को दैनिक जीवन और सामाजिक व्यवहार में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संचालन नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन ने किया। कार्यक्रम में मदन मोहन सिंह,अविनाश लाटा,राजेश जैन,पार्षद राज कुमार सिंह, छत राम साहू, मून खान आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रपिता व शास्त्री की जयंती पर निकली स्वच्छता रैली

बिर्रा। शुक्ला इंटरनेशनल स्कूल बिर्रा के द्वारा 2 अक्टूबर को हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के शुभ अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। शुक्ला इंटरनेशनल स्कूल बिर्रा के छात्र-छात्राओं ने #महात्मा गांधी जयंती - स्वच्छ भारत मिशन# के बैनर तले नगर के प्रमुख मार्गों, माँ चंडी का स्वर्ग द्वार परिसर में स्वच्छता का संदेश दिया। रैली का नेतृत्व स्कूल डायरेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला और साकेत शुक्ला के मार्गदर्शन में शिक्षकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर शुक्ला इंटरनेशनल स्कूल बिर्रा के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सपिया में गांधी जयंती समारोह धूमधाम से मनी

फगुरम। ग्राम पंचायत सपिया के गांधी चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर गांधी जयंती समारोह मनाया गया। इस अवसर पर सपिया सरपंच अमरिका सिदार मनोज सिदार, विशाल राठौर, अमित राठौर, रमेश दास महंत, रोहित महंत, राजेन्द्र राठौर, सूरज राठौर, योगेश्वर राठौर, श्यामलाल यादव , देवीलाल राठौर, बीर सिंह राठौर, लक्ष्मण राठौर, मनोज पाण्डेय, गिरधारी राठौर, रघुबीर राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

शासकीय भूमि आबंटन, जिला अंगदान समिति के गठन पर विस्तार से चर्चा

राज्य शाखा के चेयरमेन ने ली इंडियन रेडक्रास सोसायटी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



बैठक में शामिल इंडियन रेडक्रास सोसायटटी के चेयरमेन एवं अफसर।

इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, जिला शाखा सक्ती में छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के चेयरमैन तोमन साहू द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में विगत दिवस समीक्षा बैठक ली गई। बैठक के दौरान जिले में रेडक्रॉस सोसायटी की वर्तमान गतिविधियों, रक्तदान एवं रक्त बैंक के संचालन और सुदृढ़ीकरण, जिला शाखा कार्यालय की व्यवस्था, शासकीय भूमि आवंटन की कार्यवाही तथा जिला अंगदान समिति के गठन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के चेयरमैन तोमन साहू ने रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से मानव सेवा, सहयोग एवं संवेदना से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने रक्तदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने, जरूरतमंद व्यक्तियों तक समय पर सहायता पहुंचाने तथा शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों की सहभागिता से सेवा गतिविधियों का विस्तार करने की आवश्यकता जताई। बैठक में सड़क सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य जागरूकता, नशा मुक्ति, अंगदान एवं नेत्रदान जैसे जनहितकारी विषयों पर भी चर्चा की गई। साथ ही, समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों तक सहायता पहुंचाने तथा जिले में सेवा से जुड़े कार्यों को अधिक संगठित एवं सक्रिय बनाने पर बल दिया गया। कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन के मार्गदर्शन में जिले में रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधियों को सुदृढ़ करने तथा संबंधित विभागों के समन्वय से जनसेवा एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य। जनसहभागिता के माध्यम से सेवा और सहयोग की भावना को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना रहा। बैठक में कलेक्टर एवं अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा सक्ती श्रीमती जयश्री जैन, बालाराम साहू, गिरिश कुर्रे, उत्कर्ष तिवारी, केशव साहू, युगल किशोर, सीईओ जिला पंचायत वासु जैन, अपर कलेक्टर एस.के. पैकरा, डिप्टी कलेक्टर प्रितेश सिंह राजपूत, सचिव इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा सक्ती डॉ. पूजा अग्रवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डीपीएम सुश्री कीर्ति बड़ा, सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों को नहीं बुलाया। बैठक मे सक्ती जिला बने लगभग 5 साल होने जा रहे हैं, लेकिन आज तक रेड क्रॉस सोसाइटीज का गठन नहीं हो पायारेड क्रॉस सोसाइटीज के किसी भी सदस्य को बैठक में नहीं बुलाया गया। इस पर सभी सदस्यों ने आपत्ति की कि रेडक्रॉस की बैठक हो गई, लेकिन प्रशासन के द्वारा रेड क्रॉस के सदस्यों को सूचना तक नहीं की गई।

पीएम आवास की मजदूरी में करीब 8 लाख का गबन, कलेक्टर से लगाई फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती ब्लाक के ग्राम पंचायत पोरथा का मामला

ग्राम पंचायत पोरथा में पीएम आवास योजना के तहत मिलने वाली मजदूरी में करीब 8 लाख गबन का मामला सामने आया है। इसे लेकर ग्रामीणों से कलेक्टर से फरियाद लगाते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत पोरथा के लगभग 81 हितग्राहियों की करीब 7 लाख 98 हजार 552 की मजदूरी राशि का गबन किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और मेट ने आपस में मिलीभगत कर वास्तविक मजदूरों और हितग्राहियों को वंचित रखते हुए यह राशि अपने रिश्तेदारों और चहेतों के बैंक खातों में स्थानांतरित कर दी। शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि पंचायत में फर्जी जॉब कार्ड तैयार कर कई हितग्राहियों की मजदूरी राशि इन फर्जी खातों में डाली गई है। आरोप है कि सरपंच ने अपने अविवाहित पुत्र एवं पुत्री के बैंक खातों में भी मनरेगा मजदूरी का पैसा ट्रांसफर कराया है, जबकि उन्होंने कार्य में कोई योगदान नहीं दिया था। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि यह वसूली किसके इशारे पर की गई, इसकी उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ग्राम पंचायत पोरथा के दर्जनों हितग्राही और मजदूर आज भी अपनी पसीने की कमाई के लिए भटक रहे हैं। पीड़ित हितग्राहियों जिनमें सुरेश कुमार, परमेश्वरी सिदार, साधाराम यादव, बैशाखा बाई, संतोष यादव, गणेशबाई, राज कुमार, अजीत राम, उमाशंकर, तेजराम आदि शामिल हैं, उन्होंने बताया कि उन्हें आज तक उनके पीएम आवास के निर्माण की मजदूरी राशि प्राप्त नहीं हुई है।

मनरेगा की नाली कुछ ही दिनों में ध्वस्त , कनिष्ठों पर कार्रवाई बड़े जिम्मेदारों को अभयदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कचंदा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत नाली निर्माण कार्य में व्यापक अनियमितता का मामला सामने आया है। जून-जुलाई 2026 में लाखों की लागत से निर्मित नाली गुणवत्ताहीन होने से कुछ दिनों में ही टूटकर ध्वस्त हो गई।

शिकायत पर जनपद स्तर पर जांच दल गठित कर जांच कराई गई, जिसमें गंभीर अनियमितता उजागर हुई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला पंचायत सक्ती ने सचिव हरिराम कुर्रे को 19जून 2026 को निलंबित कर दिया। सरपंच के विरुद्ध पद से पृथक करने की कार्रवाई सक्षम अधिकारी के समक्ष लंबित है। तकनीकी सहायक उमा केसर को कार्य क्षेत्र से हटाकर जनपद पंचायत जैजैपुर में संलग्न किया गया है, लेकिन बड़े जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं हुई।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गुणवत्ताहीन निर्माण के लिए केवल कनिष्ठ कर्मचारियों पर कार्रवाई कर वरिष्ठ अधिकारियों को बचाया जा रहा है। भौतिक सत्यापन करने वाले एसडीओ, कार्यक्रम अधिकारी व रोजगार सहायक पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।ग्रामीणों ने इस कार्रवाई पर असंतोष जताते हुए दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।



इस तरह से टूट गई है नाली।

इस संबंध में जनपद सीईओ कश्यप ने कहा कि दोषियों पर कार्रवाई की गई है, नाली निर्माण का भुगतान रोक दिया गया है और शासकीय कार्यों में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

रमेश पदोन्नति पाकर बनें वरिष्ठ सांख्यकीय अधिकारी



चांपा। स्थानीय ब्राह्मण पारा निवासी वृत शिक्षक टीमन प्रसाद श्रीवास के सुपुत्र तथा छ. ग. राज्य विद्युत मंडल रायपुर में सांख्यकीय अधिकारी के पद पर कार्यरत रमेश कुमार श्रीवास का गुरुवार 1 अक्टूबर को पदोन्नति आदेश जारी कर उन्हें अतिरिक्त महाप्रबंधक स्तर के वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया हैं। नगर के निवासी अधिकारी को मिली इस पदोन्नति पर परिजन, मित्रों एवं स्नेहीजन ने हर्ष व्यक्त किया हैं। राज्य विद्युत मंडल रायपुर में सांख्यकीय अधिकारी पद पर श्रीवास का पदोन्नति हुआ है।

बाढ़ से टूटी शबरी सेतु की रेलिंग, मरम्मत की धीमी रफ्तार से नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

महानदी में आई बाढ़ का पानी उतरने के बाद शिवरीनारायण और गिधौरी को जोड़ने वाले शबरी सेतु की स्थिति अब चिंता का विषय बनती जा रही है। बाढ़ के तेज बहाव से पुल की रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई है, वहीं पुल पर बहकर आए कचरे और मलबे की सफाई तथा मरम्मत कार्य की धीमी गति को लेकर दोनों ओर के नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है।

नागरिकों का कहना है कि 27 से 29 सितंबर तक शबरी सेतु को मरम्मत के नाम पर बंद रखा गया था। इस दौरान शिवरीनारायण और गिधौरी के बीच आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आम नागरिकों से लेकर बुजुर्गों तक को असुविधा झेलनी पड़ी। इसके बावजूद नागरिकों का आरोप है कि पुल पर सफाई और मरम्मत का काम अपेक्षित गति से नहीं हुआ। पुल बंद रहने के दौरान लोगों को हुई परेशानी का एक संवेदनशील उदाहरण 79 वर्षीय नेत्रहीन बुजुर्ग महिला का भी सामने आया। उनके पुत्र के अनुसार, आवागमन के दौरान उनकी मां को बार-बार रुकना पड़ रहा था। वे लगातार कह रही थीं कि उनसे ठीक से चला नहीं जा रहा है। पुत्र ने बताया कि उनकी मां पहले भी लगभग 15 से 16 फीट की ऊंचाई से गिर चुकी हैं, जिसके कारण उनकी कमर और घुटनों में लगातार दर्द बना रहता है। परिजनों के अनुसार, बुजुर्ग महिला की स्थिति को देखते हुए उनके पुत्र ने प्रशासन से सहायता और सुविधा की गुहार लगाई थी, लेकिन उन्हें अपेक्षित राहत नहीं मिली। इस घटना ने पुल बंद रहने के दौरान बुजुर्गों और जरूरतमंद लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने की आवश्यकता को भी उजागर किया है। नागरिकों की मांग है कि केवल औपचारिक सफाई या तात्कालिक मरम्मत के बजाय पुल की वास्तविक स्थिति का तकनीकी निरीक्षण कर आवश्यक सुधार किए जानें की मांग की है, ताकि आवागमन शुरू हो हो सके।



पुल में फैली गंदगी।

राष्ट्रीय पोषण माह सेवा संकल्प अभियान के तहत बच्चों को कराया अन्नप्राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

राष्ट्रीय पोषण माह सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शिवरीनारायण स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 12 में आंगन मिलन सेवा के तहत नेवता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती माताओं की गोद भराई, शिशुवती माताओं के बच्चों का अन्नप्राशन तथा आंगनबाड़ी आने वाले बच्चों को नेवता भोज कराया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती सविता तिवारी रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सह संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ प्रवीण केशरवानी ने की। इस अवसर पर एएनएम संतोषी बर्मन, टीएलसी प्रशिक्षक किरण सर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता यादव, सहायिका किरण यादव, कार्यकर्ता राधिका, सहायिका सुलेखा यादव तथा मितानिन चमेली साहू एवं रुखमनी मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का साल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। आयोजन के दौरान गर्भवती माताओं की गोद भराई की रस्म निभाई गई। उन्हें श्रीफल, पुष्पगुच्छ, सुहाग पेटारी एवं पोषण आहार देकर सम्मानित किया गया। वहीं शिशुवती माताओं के बच्चों का खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले बच्चों को नेवता भोज के तहत भोजन कराया गया तथा उन्हें स्केच, मोम पेंसिल, रबर और कटर उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि श्रीमती सविता तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाया जा रहा राष्ट्रीय पोषण माह अभियान गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं और बच्चों के लिए महत्वपूर्ण पहल है।



सीसी रोड निर्माण होने से ग्रामवासियों को आवागमन में मिलेगी सुविधा: राजकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम टूरी (हीरागढ़) में सीएसआर मद से 10 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह विकास कार्य जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू की अनुशंसा से स्वीकृत हुआ है। सीसी रोड निर्माण होने से ग्रामवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। विशेषकर बारिश के मौसम में कीचड़ एवं जलभराव के कारण होने वाली परेशानियों से ग्रामीणों को राहत मिलने की उम्मीद है।

सड़क निर्माण से गांव की आवागमन व्यवस्था बेहतर होने के साथ ही ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विकास कार्य की स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला पंचायत सभापति राजकुमार साहू के प्रति आभार जताया। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच नरोत्तम कश्यप, ग्राम पंचायत भैंसमुड़ी सरपंच प्रतिनिधि विजय साहू, सुभाष दास कोटवार, संतोष सूर्यवंशी, चुनूं दास पंच राजकुमार मिस्त्री, गोलू कश्यप, सुनील कश्यप एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



भूमिपूजन में शामिल सभापति राजकुमार साहू।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हसौद द्वारा मनाई गई पूर्व सांसद भारद्वाज की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हसौद के अध्यक्ष कुशल कश्यप के नेतृत्व में विश्राम गृह हसौद में अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद स्व. परसराम भारद्वाज की 78 वी जयंती पर उन्हें श्रद्धाजंली अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर सभा विचार–गोष्ठियों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सुरेन्द्र भार्गव, भोजराम हरवंश, ओमप्रकाश बर्मन, प्यारे साहू, हरिलाल खटर्जी, सीताबाई जाटवर, दादूराम सोनवानी, लखन चंद्रा, रमेश कश्यप,राहुल भारद्वाज, मोहन धिरहे, सतीश महेश, कृष्णा पटेल ,दशरथ कर्ष, सुमित्रा घृतलहरे, मनोज चंद्रा, जगदीश निराला, संजय कोशले, रामकिशन घृतलहरे, गोरखनाथ भार्गव, तुलाराम मनहर, बसंत कश्यप, होरीलाल सिदार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।





न्यायालय तहसीलदार चांपा, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)
ईश्तहार
क्र./264/ वा./तह./ 2026
चांपा, दिनांक 30.09.2026
रा.प्र.क..... /ब-107/2025-26 ग्राम-चांपा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दुर्गा बाई सोनी पति यंत कुमार सोनी निवासी लोहार पारा, बाबा घाट, वार्ड नंबर 5 चांपा, तहसील चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा साहूकारी लायसेंस प्रदान करने हेतु आवेदन, शपथ पत्र, आधार कार्ड, पेंन कार्ड, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की प्रति, बी-1 खसरा, आयकर रिटर्न एवं चालान की प्रति के साथ पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 14.10.2026 तक न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक 30/9/2026
पेशी दिनांक 14/10/2026
तहसीलदार
चांपा



रहस्य और एक्शन से भरी है नई नवेली की कहानी

मुंबई। मेकर्स ने अभिनेत्री यामी गौतम की आगामी फिल्म 'नई नवेली' का ट्रेलर जारी कर दिया है। फिल्म में यामी गौतम धर एक बिल्कुल अलग और अनदेखे अंदाज में नजर आने वाली हैं। । 'नई नवेली' 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ट्रेलर को देखकर साफ है कि मामला सिर्फ एक डायन तक सीमित नहीं है। कहानी धीरे-धीरे एक ऐसी दुनिया में पहुंचती है, जहां कॉमेडी, रहस्य, फैंटेसी और एक्शन का जबरदस्त मेल देखने को मिलेगा। फिल्म का निर्देशन बालाजी मोहन ने किया है। इसकी कहानी हिमांशु शर्मा और दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है।

लाइफ Style

रूहानी

खूबसूरत हसीना का अनुष्का से है खून का रिश्ता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मैदान पर विराट के रिकॉर्ड और उपलब्धियों के बारे में तो हर कोई जानता है, लेकिन उनकी निजी जिंदगी और परिवार से जुड़े कई रिश्ते अब भी लोगों के लिए दिलचस्पी का विषय हैं। इसी बीच तेलुगु सिनेमा की एक जानी-पहचानी एक्ट्रेस रूहानी शर्मा का एक पुराना दावा फिर चर्चा में है।

एक्ट्रेस ने खुद को अनुष्का शर्मा की कजिन बताते हुए विराट कोहली को अपना जीजा कहा था। रूहानी शर्मा तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में काम करने वाली एक्ट्रेस हैं। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'ची ला सौ' से की थी। राहुल रवींद्रन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रूहानी ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों का ध्यान खींचा था। इसके बाद उन्होंने अलग-अलग भाषाओं की फिल्मों में काम किया और अपनी पहचान बनाई। रूहानी शर्मा का जन्म 18 सितंबर 1994 को हिमाचल प्रदेश में हुआ था। उन्होंने अपनी पढ़ाई चंडीगढ़ से पूरी की। फिल्मों में आने के बाद उन्होंने तेलुगु और मलयालम सिनेमा में कई अलग-अलग तरह के किरदार निभाए। उनकी फिल्मों में हिटः द फर्स्ट केस, डर्टी हरी, 101 जिल्लाला अंदागाडू और सैंधव जैसे नाम शामिल हैं।' रूहानी शर्मा का विराट कोहली के साथ रिश्ता तब चर्चा में आया, जब उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान खुद को अनुष्का शर्मा की कजिन बताया था। इसी बातचीत में उन्होंने विराट कोहली को अपना जीजा भी कहा था। उनका कहना था कि वह अनुष्का शर्मा की कजिन हैं और इस रिश्ते की वजह से विराट उनके जीजू लगते हैं।



हॉलीवुड मसाला



32 साल छोटी गर्लफ्रेंड से की शादी

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी अभिनेता जिम कैरी ने अपनी गर्लफ्रेंड मिन आह से शादी कर ली है। 64 साल के अभिनेता और उनकी 32 साल की मिन ने करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में शादी की। यह शादी लॉस एंजिल्स में एक निजी समारोह में हुई। अभिनेता की शादी की खबर कैरी और मिन आह के अपने रिश्ते को सार्वजनिक करने के कुछ ही महीनों बाद आई है। उन्होंने इस साल फरवरी में पेरिस में सीजर अवाइर्स में एक साथ आकर अपने रिश्ते को सबके सामने जाहिर किया था। अवार्ड शो में, कैरी को मानद सीजर अवार्ड मिला।



जेम्स बॉन्ड सहित कई चर्चित फिल्मों में किया था काम

लॉस एंजिल्स। ब्रिटिश फिल्म एडिटर जॉन ग्रोवर का निधन हो गया है। वे 87 वर्ष के थे। उन्होंने अपने घर पर अंतिम सांस ली। जॉन ग्रोवर को हॉलीवुड की कई चर्चित फिल्मों को एडिट करने के लिए जाना जाता था। उन्होंने जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइजी की छह फिल्मों पर काम किया था। इनमें फॉर योर आइज ओनली (1981), द लिविंग डेलाइट्स (1987) और लाइसेंस टू किल (1989) जैसी फिल्मों में उन्होंने मुख्य एडिटर की भूमिका निभाई। इसके अलावा उन्होंने द स्पाई हू लव्ड मी, मूनरेकर और ऑक्टोपुसी जैसी फिल्मों को तैयार करने में भी मदद की थी। अपने शुरुआती करियर में जॉन ग्रोवर ने स्टैनली कुब्रिक की चर्चित फिल्म '2001- ए स्पेस ओडिसी' और डेविड लीन की 'डॉक्टर जिवागो' में अनक्रेडिटेड असिस्टेंट एडिटर के रूप में काम किया था। ब्रिटिश फिल्म एडिटर्स के लंबे समय तक वाइस चेयरमैन रहे ग्रोवर को अप्रैल में संगठन का लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला।



जेलर-2 का तीसरा गाना बिंदास रिलीज...

मुंबई। रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' का तीसरा गाना 'बिंदास'मेंकर्स ने रिलीज कर दिया है। साउथ की इस बहुप्रतिक्षित फिल्म में नोरा फतेही काफी खास अंदाज में दिखाई दे रही हैं। इस डांस नंबर को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। इस गाने में नोरा फतेही काफी बोल्ड अवतार में दिखाई दे रही हैं। बिंदास गाने को अनिरुद्ध रविचंदर और दीप्ति सुरेश ने गाया है। फिल्म 'जेलर 2' के 12 गानों के एल्बम से यह तीसरा गाना रिलीज हुआ है। नोरा फतेही का यह गाना फिल्म के रिलीज की तरफ बढ़ते कदमों को दिखा रहा है। कुछ दिनों पहले फिल्म 'जेलर 2' का एक हाई-एनर्जी गाने 'अला बोलेलो' के बाद अब फिल्म का दूसरा गाना 'वन सन, वन मून' का लिरिकल वीडियो यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है।



सबा के साथ शेयर कीं रोमांटिक तस्वीरें

नई दिल्ली। बॉलीवुड के स्टार ऋतिक रोशन की इंस्टाग्राम पोस्ट ने फैंस का ध्यान खींचा है। वह अपनी गर्लफ्रेंड के साथ अपने रिश्ते के पांच साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने अपनी पार्टनर के साथ कई तस्वीरें शेयर की हैं। उनकी ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सेलेब्स ने इस पर शानदार कमेंट कर रहे हैं। अभिनेता ने गुरुवार अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ बिताए पलों की कई रोमांटिक तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में ऋतिक और सबा को डूबते सूरज के सामने साथ खड़े देखा जा सकता है। एक और तस्वीर में कपल किसी एयरक्राफ्ट के अंदर सेल्फी के लिए पोज देते हुए दिख रहा है। एक और तस्वीर में वह समुद्र किनारे बैठे हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने सबा आजाद के लिए एक प्यारा नोट लिखा है।

टीवी मसाला

बिग बॉस 20 से अचानक बाहर हुईं रीति, उदिति- माही ने बिगाड़ा खेल

नई दिल्ली। 'बिग बॉस 20' के घर में कब क्या हो जाए, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। शो में कंटेस्टेंट्स की रणनीति और रिश्तों के बीच हर दिन नए ट्विस्ट देखने को मिल रहे हैं। अब मेकर्स ने दर्शकों को एक और बड़ा सरप्राइज दिया है। शो में मिड-वीक एविक्शन हुआ, जिसमें रीति तिवारी का सफर अचानक खत्म हो गया। घर से बाहर निकलने वाली रिहति इस सीजन की पहली मिड-वीक एविक्टेड कंटेस्टेंट बनी हैं। उनका एविक्शन ऐसे समय हुआ, जब वह शो के जरिए अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश कर रही थीं। दरअसल, हालिया टास्क में उदिति सिंह, माही विज और यंग डीएसए को एक खास 'वरदान' दिया गया। इस वरदान के तहत इन तीनों के पास किसी एक कंटेस्टेंट की लाइफलाइन छीनने का अधिकार था। यह फैसला घर के गेम पर बड़ा असर डाल सकता था, क्योंकि किसी कंटेस्टेंट की लाइफलाइन उसके शो में बने रहने की उम्मीद से जुड़ी हुई थी। तीनों ने मिलकर रिहति तिवारी को निशाना बनाया। इसकी एक बड़ी वजह यह थी कि रिहति पहले ही अपनी पहली लाइफ गंवा चुकी थीं। ऐसे में उनकी बची हुई लाइफलाइन भी छिन जाने के बाद उनके पास शो में टिके रहने का रास्ता नहीं बचा। इस फैसले के साथ ही उन्हें अपना सामान पैक करके बिग बॉस का घर छोड़ना पड़ा। रीति तिवारी ने 'बिग बॉस 20' में अपने लिए एक अलग पहचान बनाने की कोशिश की थी। शो में आने के पीछे उनका सपना खुद को एक रॉकस्टार के तौर पर स्थापित करना भी था। हालांकि उनका सफर उम्मीद के मुताबिक लंबा नहीं चल सका। मिड-वीक एविक्शन ने उनके इस सफर को अचानक रोक दिया।



केबीसी 18 के सेट पर बिग बी को लगी चोट

नई दिल्ली। बीते दिन अमिताभ बच्चन के साथ कौन बनेगा करोड़पति 18 के सेट पर हादसा हुआ। सर्दी के महानायक को शूटिंग के दौरान काफी चोट आई, जिससे उनके फैंस काफी परेशान हो गए। अभिनेता ने अब हाल ही में अमिताभ बच्चन ने अपने फैंस को हेल्थ अपडेट दी है। अमिताभ बच्चन ने अपने स्वास्थ्य पर अपटेड देते हुए बताया कि बीते दिन उन्होंने बैठकर ही अपने शो की ओपनिंग की। एक्टर बोले, 'आम तौर पर मैं सेंटर में खड़े होकर अपने शो का मोनोलॉग बोलता हूं, लेकिन आज मुझे घुटने में चोट लग गई है। बीते दिन शूट के दौरान, मैं गिर गया था और मेरे घुटने पर कई चोटें आईं।' इस दौरान अभिनेता ने अपने घुटने की तरफ इशारा करते हुए इंजरी के बारे में बताया। जब बिग बी स्टूडियो से बाहर आ रहे थे उस दौरान वह थोड़ा लड़खड़ा रहे थे, जिसे देखकर फैंस थोड़े चिंतित हो गए थे।



हॉरर-कॉमेडी स्त्री 3 की स्क्रिप्ट पूरी, जल्द शुरू होगी शूटिंग

राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर स्टारर 'स्त्री 3' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस बीच मेकर्स ने पुष्टि की है कि फिल्म 2028 में रिलीज होगी। मेकर्स ने बताया कि डायरेक्टर अमर कौशिक ने स्क्रिप्ट पूरी कर ली है और जल्दी ही इसकी शूटिंग शुरू होगी।

मुंबई। हॉरर-कॉमेडी 'स्त्री' फ्रैंचाइजी का एक और चैप्टर दर्शकों के बीच दस्तक देने वाला है। हाल ही में प्रोड्यूसर दिनेश विजान ने हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग को लेकर बात की और कन्फर्म किया कि 'स्त्री 3' 2028 में आएगी और राजकुमार राव इस हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स के जरिए फिर दर्शकों के बीच धूम मचाएंगे। दिनेश विजान ने हाल ही में ये खुलासा किया। इवेंट के दौरान दिनेश विजान और राजकुमार राव ने फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म से लेकर अब तक के सफर के बारे में बात की और फिल्म के तीसरे भाग से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि निर्देशक अमर कौशिक ने स्क्रिप्ट का काम पूरा कर लिया है। उन्होंने यह भी इशारा किया कि फिल्म में वो सारी जानी-पहचानी चीजें होंगी जिन्हें दर्शक 'स्त्री' से जोड़कर देखते हैं, लेकिन इसकी कहानी अब एक नई दिशा में आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी एक ऐसी दिशा में आगे बढ़ेगी जिसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है और इस बार भी फिल्म में राजकुमार मुख्य भूमिका में होंगे।

'तू है मेरी किरण' में पति संग रोमांस करती नजर आएंगी सोनाक्षी

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की फिल्म 'तू है मेरी किरण' की पहली झलक मेकर्स ने रिलीज कर दी है। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति अभिनेता जहीर इकबाल जल्द 'तू है मेरी किरण' फिल्म में साथ नजर आएंगे। फिल्म का ऐलान मेकर्स ने कर दिया है। साथ ही फिल्म का पहला पोस्टर भी जारी हुआ है।



नई दिल्ली। काफी वक्त से सोनाक्षी सिन्हा ने सिल्वर स्क्रीन से दूरी बना कर रखी थी। वहीं उनके पति जहीर इकबाल का भी कोई नया प्रोजेक्ट सामने नहीं आया था। मगर अब कपल बहुत जल्द फिल्म 'तू है मेरी किरण'में साथ अभिनय करता दिखाई देगा। फिल्म रोमांटिक थ्रिलर होगी। फिल्म के फर्स्ट लुक में सोनाक्षी एक टेबल पर लैपटॉप पर काम करती दिखाई दे रही हैं। वहीं उनके पास बैठे जहीर उन्हें घूर रहे हैं। फिल्म 'तू है मेरी किरण' 23 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। फिल्म का लेखन और निर्देशन करण रावल ने किया है। 'तू है मेरी किरण' में जहीर इकबाल और सोनाक्षी सिन्हा मुख्य किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण सर्वेश गोयल, अश्वनी कुमार, मनोज दराक और नृपाल पटेल ने मिलकर किया है।

मनोरंजन का लगेगा मेला, लॉन्ग वीकेंड की बोरियत की होगी छुट्टी

आज थिएटर्स और ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज

नई दिल्ली। अक्टूबर का महीना सिनेप्रेमियो के लिए बेहद खास होने वाला है, क्योंकि ये ही वह मंथ है, जब कई बड़ी फिल्में और सीरीज सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। अक्टूबर के महीने की पहली फ्राइडे रिलीज की पूरी लिस्ट सामने आ चुकी है, जिसमें कुल 9 सीरीज और फिल्में शामिल हैं।

दृश्यम 3 : अक्टूबर की पहली सबसे बड़ी रिलीज फिल्म अजय देवगन की दृश्यम 3 है, जो अपनी तीसरी इंस्टॉलमेंट के साथ लौट रही है। अभिषेक पाठक के निर्देशन में बनी सस्पेंस थ्रिलर फिल्म में इस बार विजय सलगावकर का किस्सा आर या पार होने वाला है। उन पर एक नहीं, बल्कि कई पुलिस ऑफिसर्स की नजर है। दृश्यम 3 में उनके साथ मुख्य भूमिका में जयदीप अहलावत भी नजर आने वाले हैं। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म-थिएटर्स, जॉनर- सस्पेंस थ्रिलर।

लव : क्या हो जब दो अलग-अलग डेटिंग एप के फाउंडर प्यार को लेकर अपनी थियोरी रियल लाइफ में टेस्ट करें तो? यही है #लव की कहानी, जिसमें ऐश्वर्या लक्ष्मी और अर्जुन दास ने मुख्य भूमिका निभाई थी। एक तरफ जहां तारा का मानना है कि प्यार कैलकुलेशन से होता है, तो वहीं मैथ्यू बिल्कुल अलग सोच का है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- रोमांटिक।

बेथलहम कुडुम्बा यूनिट : 'बेथलहम कुडुम्बा यूनिट' में ममिता बैजू और निविन पॉली ने मुख्य भूमिका निभाई है। कहानी एक ऐसे अनोखे रोमांस के बारे में है, जो किसी भी छोटे से समाज या मोहल्ले में फैल जाती है। जहां परिवार से कोई भी बात नहीं छुपती है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- जियो हॉटस्टार, जॉनर- रोमांटिक कॉमेडी।



पूजा मेरी जान : पूजा मेरी जान एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसकी कहानी कोर्टरूम के इर्द-गिर्द घूमती है। पूजा की जिंदगी की परतों को खोलती कहानी में उसकी पूरी लाइफ तब बदल जाती है, जब उसके द्वारा रिजेक्ट किया गया लड़का सुसाइड कर लेता है। इस कारण उसे सीरियस लीगल ट्रबल झेलना पड़ता है। मृणाल ठाकुर ने फिल्म में अहम भूमिका निभाई है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- जी5, जॉनर- कोर्टरूम ड्रामा।

डूइंग लाइफ : फीचर फिल्म डूइंग लाइफ की कहानी अनिका नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने अलग-थलग हुए परिवार को एक साथ लाने की कोशिश करती है, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है, जब उसकी बातचीत जेल में बंद एक कैदी से होती है। फिल्म का निर्देशन टेलर पेरी ने किया है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- क्राइम ड्रामा।

प्रेम कीटाणु : यह एक हिंदी भाषीय रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसमें वीर पहाड़िया मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। कहानी उत्तर प्रदेश के उन दोस्तों की कहानी है, जिन्होंने अपनी जिंदगी में कुछ अचीव नहीं किया। स्कूल में उनके बुरे नंबर्स आए, प्यार में उनका दिल टूटा और साथ ही पेरेंट के प्रेशर को दिखाती ये कहानी बहुत ही मजेदार है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- कॉमेडी ड्रामा।

वैरायटी : हिंदी में जहां दृश्यम 3 सिनेमाघरों में अपना दबदबा बनाने आ रही है, तो वहीं कोलीन हूवर्स की बेस्ट सेलिंग नॉवेल पर बेस्ड फिल्म वैरायटी भी गांधी जयंती पर रिलीज हो रही है। यह एक हॉलीवुड साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- साइकोलॉजिकल थ्रिलर।

दुपहिया सीजन 2 : धड़कपुर में एक बार फिर से चोरी को लेकर उथल-पुथल मचने वाली है। दुपहिया के सीजन वन को दर्शकों ने बहुत ही ज्यादा पसंद किया था और अब अमेजन प्राइम वीडियो ने अब इसका दूसरा सीजन भी अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम कर दिया है। नए सीजन में भोजपुरी स्टार निरहुआ भी हैं।

खबर संक्षेप

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा की अध्यक्ष बनी अंशिका



चांपा। राजा मयूर ध्वज महादानी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसके तहत राजा मयूर ध्वज, महादानी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा की अध्यक्ष की जिम्मेदारी अंशिका सोनी को दी गई है। उपाध्यक्ष पद पर ओम प्रकाश गुप्ता व सुश्री बिंदिया देवांगन को इस कालेज की जिम्मेदारी सौंपी गई। वही कॉलेज मंत्री सपना धीवर, सहमंत्री जगदीश पटेल एवं सूरज पटवा को बनाया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत 30 तक आवेदन

सक्ती। राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षण सत्र 2026-27 में राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एआईआईएमएस, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, नीट एवं आईआईआईटी में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने के लिए तत्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित है। योजनांतर्गत पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित प्रपत्र में 30 अक्टूबर 2026 तक संबंधित कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, सक्ती में पंजीकृत डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। योजना के लिए विद्यार्थी का छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल होना आवश्यक है।

निधन

अमृत लाल चंदेल



राहौद। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक अमृत लाल चंदेल का 62 वर्ष की आयु में 1 अक्टूबर गुरुवार को निधन हो गया। वे नरेंद्र चंदेल के पिताजी थे। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधु सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

उपनिषद ज्ञानामृत के आठवें दिन संसार के स्वरूप और शरणागति पर प्रवचन

अच्छा कहलाने की बजाय अच्छा बनने का करें प्रयास - रासेश्वरी देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



प्रवचन देती रासेश्वरी देवी तथा उपस्थित श्रोतागण।

हाई स्कूल ग्राउंड जांजगीर में चल रही उपनिषद ज्ञानामृत प्रवचन श्रृंखला के आठवें दिन जगद्गुरु कृपालु महाराज की प्रचारिका रासेश्वरी देवी ने सनातन धर्म, भगवान के अस्तित्व के प्रमाण और संसार के स्वरूप पर विचार रखे।

प्रवचन में कहा गया कि सनातन धर्म किसी व्यक्ति द्वारा शुरू किया गया रिलिजन नहीं है, बल्कि ब्रह्मांड के आरंभ में प्रकट सार्वभौमिक नियम है। भगवान के अस्तित्व के तीन प्रमाण बताए - प्रत्यक्ष, अनुमान और शब्द। प्रत्यक्ष प्रमाण सीमित है। जैसे दूध में मक्खन होते हुए भी बिना मथे नहीं दिखता, वैसे अंतःकरण शुद्धि के बिना ईश्वर प्रत्यक्ष नहीं होते। अनुमान प्रमाण के अनुसार सुव्यवस्थित ब्रह्मांड का कोई रचयिता अवश्य है। आध्यात्मिक ज्ञान के लिए वेद-शास्त्र रूपी शब्द प्रमाण सर्वोच्च है।शरणागति के स्वरूप पर द्रौपदी प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि जब तक द्रौपदी ने गुरुजनों, पतियों और स्वयं के बल का सहारा लिया, तब तक सहायता नहीं मिली, पूर्ण समर्पण पर ही कृष्ण ने रक्षा की। शरणागति का अर्थ मन और बुद्धि को गुरु और भगवान के निर्देश पर छोड़ देना है। जैसे मरीज बिना तर्क के डॉक्टर की दवा लेता है। अनुकूलता और प्रतिकूलता दोनों में प्रेम बना रहे, यही शरणागति है। संसार के दो प्रकार बताए - पहला भगवान द्वारा रचित बाहर का संसार जो शरीर के लिए आवश्यक है, दूसरा मन द्वारा रचित भीतर का संसार जो मिथ्या है। भौतिकवाद शरीर को स्वस्थ रखता है, अध्यात्मवाद मन को पवित्र करता है। भौतिक उन्नति से बुद्धि विक्षिप्त हो रही है जो मानसिक अशांति का कारण है। मनुष्य केवल शरीर नहीं आत्मा है, आत्मा के लिए अध्यात्म आवश्यक है।कहा गया कि प्रत्येक व्यक्ति में सत्व, रज और तम गुण अलग-अलग मात्रा में होते हैं, इसलिए कोई भी पूरी तरह अनुकूल नहीं हो सकता। गुणों में समानता से लगाव और असमानता से तकरार होती है। इस सिद्धांत को समझकर शांति का मार्ग अपनाया जा सकता है। अंत में कहा कि अच्छा कहलाने के चक्कर में न पड़कर अच्छा बनने पर ध्यान देना चाहिए। रासेश्वरी देवी का कहना है कि संसार के दो प्रकार बताए - पहला भगवान द्वारा रचित बाहर का संसार जो शरीर के लिए आवश्यक है, दूसरा मन द्वारा रचित भीतर का संसार जो मिथ्या है। भौतिकवाद शरीर को स्वस्थ रखता है, अध्यात्मवाद मन को पवित्र करता है। प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है।

चांपा को हराकर पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में जांजगीर टीम बनी विजेता

जिला स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



नेटबॉल एसोसिएशन ऑफ जांजगीर-चांपा द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को खोखरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जांजगीर में जिला स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के पांच ब्लॉक एवं दो शहरी क्षेत्रों की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में लगभग 120 खिलाड़ियों ने अपनी सहभागिता निभाई।ख लिाड़ियों के बीच लीग-कम-नॉकआउट पद्धति से मुकाबले खेले गए।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता के महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में जांजगीर ने चांपा को 10-08 से हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं पुरुष वर्ग के फाइनल में भी जांजगीर की टीम ने चांपा को 22-14 से पराजित कर विजेता का खिताब हासिल किया। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबलों में नवागढ़ एवं बम्हनीडीह की टीमें क्रमशः तीसरे स्थान पर रहीं।प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग पुष्पा कोरी दिवाकर द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए गए।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सीनियर स्पोर्ट्स टीचर अशोक साहू, स्पोर्ट्स टीचर राकेश राजपूत, नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के ज्वाइंट सेक्रेटरी एवं नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महासचिव राजेश राठौर, नेटबॉल एसोसिएशन ऑफ जांजगीर-चांपा के अध्यक्ष अनिल तिवारी, कोषाध्यक्ष संस्कार द्विवेदी, उपाध्यक्ष राजेश पांडे, आशुतोष पांडे, अमन राव, अविनाश राठौर, सुशील साहू सहित अन्य पदाधिकारी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

साहू बने बिलासपुर संभाग युवा प्रकोष्ठ के महामंत्री



तनौद। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के बिलासपुर संभाग अध्यक्ष केशव साहू के नेतृत्व में ग्राम तनौद निवासी नागेश्वर प्रसाद साहू को बिलासपुर संभाग युवा प्रकोष्ठ का महामंत्री नियुक्त किया गया है। नागेश्वर प्रसाद साहू के महामंत्री बनने पर पामगढ़ तहसील साहू समाज में हर्ष का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर समस्त साहू समाज ने शुभकामनाएं दी है। युवाओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में युवा प्रकोष्ठ संगठन और अधिक मजबूत होगा। ग्रंथ साहू अध्यक्ष साहू समाज तनौद,ओमप्रकाश साहू, रामहरी साहू, अहिल्या साहू, गौरे लाल साहू, प्रमिला अजय, महावीर , जगेश्वर साहू, बैसाखू साहू, उत्तम साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

राज्य स्तरीय लैक्रॉस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग ने हासिल किया द्वितीय स्थान

किरारी। आदर्श पब्लिक स्कूल किरारी के सब-जूनियर वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने एनटीपीसी लारा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय लैक्रॉस प्रतियोगिता 2026 में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित सक्ती जिले का नाम गौरवान्वित किया।

प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ अपना शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के पीछे उनकी निरंतर मेहनत, लगन एवं अभ्यास के साथ-साथ विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार साहू तथा सहयोगी शिक्षक अजय कुमार यादव का मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन महत्वपूर्ण रहा। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि बच्चों ने प्रतियोगिता की तैयारी के दौरान कठिन परिश्रम किया और मैदान में



अपनी प्रतिभा एवं आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं, खिलाड़ियों के अभिभावकों द्वारा भी बच्चों को निरंतर सहयोग एवं प्रोत्साहन दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप बच्चों ने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। आदर्श पब्लिक स्कूल किरारी परिवार ने सभी विजेता खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी है।



